**राज्यपाल सचिवालय**

**राज भवन, जयपुर**

## राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुरुवार को जोधपुर जाएंगे

जयपुर, 27 दिसंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुरुवार को एक दिवसीय यात्रा पर जोधपुर जायेंगे।

श्री मिश्र प्रातः 10.15 बजे राजकीय विमान से जोधपुर के लिए रवाना होंगे। वह जोधपुर में आईआईटी परिसर में आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।
इसके बाद जोधपुर में ही वह डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में आयोजित द्वितीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस 'कौमार्कोन-23' का उद्घाटन करेंगे।
राज्यपाल श्री मिश्र का गुरुवार सांय ही जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।

------